कार्यालय सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

विज्ञप्ति

सर्व साधारण के सूचनार्थ विज्ञप्ति प्रसारित की जाती है कि माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 द्वारा संचालित वर्ष 2020 की हाईस्कूल परीक्षा में इम्प्रूवमेंट/कम्पार्टमेंट परीक्षा तथा इण्टरमीडिएट में कम्पार्टमेंट परीक्षा हेतु अर्ह परीक्षार्थियों का ऑनलाइन आवेदन विद्यालय के प्रधानाचार्यो के माध्यम से परिषद की वेबसाइट upmsp.edu.in पर दिनांक 05-08-2020 से दिनांक 20-08-2020 की मध्यरात्रि 12.00 बजे तक स्वीकार किया जायेगा।

1– हाईस्कूल के सम्बन्ध में–

सम्बन्धित छात्र/छात्राएं अपने पंजीकृत विद्यालय के प्रधानाचार्य से सम्पर्क स्थापित कर परीक्षा **शुल्क रू0-256.50** तथा एक प्रार्थना पत्र के साथ अंकपत्र की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत करेंगे। **इम्प्रूवमेंट के अन्तर्गत परीक्षार्थी अपने अनुत्तीर्ण हुए एक विषय में तथा कम्पार्टमेंट के अन्तर्गत परीक्षार्थी अपने अनुत्तीर्ण हुए दो विषयों में से केवल किसी एक विषय में ही परीक्षा में सम्मिलित हो सकता है।**

2– इण्टरमीडिएट के सम्बन्ध में–

इण्टरमीडिएट परीक्षा में मानविकी, वैज्ञानिक एवं वाणिज्य वर्ग से सम्मिलित परीक्षार्थी किसी एक विषय में, कृषि भाग-1 एवं 2 में निर्धारित विषयों में किसी एक प्रश्नपत्र में एवं व्यावसायिक वर्ग हेतु निर्धारित ट्रेड विषय के किसी एक प्रश्नपत्र में अनुत्तीर्ण परीक्षार्थी कम्पार्टमेंट परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अर्ह माने जायेंगे। इण्टरमीडिएट कम्पार्टमेंट परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु **शुल्क रू0-306.00** तथा एक प्रार्थना पत्र के साथ अंकपत्र की छायाप्रति संलग्न कर प्रधानाचार्य को प्रस्तुत करेंगे।

प्रधानाचार्यो को निर्देशित किया जाता है कि छात्र/छात्राओं से आवेदन लेने एवं अन्य आवश्यक कार्यवाहियों हेतु सोशल डिस्टेंसिंग एवं कोविड-19 से बचाव हेतु शासन की गाइडलाइन्स का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराया जायेगा। साथ ही प्रधानाचार्यो को यह भी निर्देशित किया जाता है कि वे हाईस्कूल में कम्पार्टमेन्ट/इम्प्रूवमेन्ट एवं इण्टरमीडिएट में कम्पार्टमेन्ट के अर्ह छात्र/छात्राओं को निर्धारित तिथि की सूचना अपने स्तर से भी प्रदान करते हुए समयान्तर्गत आवेदनपत्र अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

विद्यालय के प्रधानाचार्य हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट के समस्त छात्रों के परीक्षा शुल्क अलग-अलग एकमुश्त कोषागार में चालान के माध्यम से जमाकर शुल्क का विवरण तथा सम्बन्धित छात्र का अनुक्रमांक एवं उसके इम्प्रूवमेंट/कम्पार्टमेंट परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विषय/प्रश्नपत्र को दिनांक 20 अगस्त 2020 की मध्यरात्रि 12 बजे तक अपने विद्यालय के यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड से वेबसाइट पर ऑनलाइन अपलोड करेंगे।

हाईस्कूल में इम्प्रूवमेंट/कम्पार्टमेंट हेतु अर्ह परीक्षार्थी जो इम्प्रूवमेंट/कम्पार्टमेंट विषय के प्रयोगात्मक (आन्तरिक मूल्यांकन) भाग में अनुत्तीर्ण रहे हैं तथा इण्टरमीडिएट में कम्पार्टमेंट परीक्षा हेतु अर्ह परीक्षार्थी जो कम्पार्टमेंट विषय के प्रयोगात्मक भाग में अनुत्तीर्ण रहे हैं, उन सभी की प्रयोगात्मक परीक्षा की तिथियों की सूचना बाद में विज्ञापित की जायेगी।

4-8-2020

(शिव लाल)
अपर सचिव (प्रशासन)

पृष्ठांकन संख्याः मा0शि0प0/सिस्टम सेल/ 137(1-6)

दिनांकः 04 अगस्त, 2020

उक्त विज्ञप्ति की प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः-

1– सम्पादक दैनिक समाचार पत्र .... को इस अनुरोध के साथ कि विज्ञप्ति को जनहित में अपने समाचार पत्र के समस्त संस्करणों में मुख्य पृष्ठ पर निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

2– उप सचिव, शिक्षा-7 अनुभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।

3– समस्त मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, उत्तर प्रदेश।

4– समस्त जिला विद्यालय निरीक्षक, उत्तर प्रदेश को इस आशय के साथ कि अपने अधीनस्थ जनपद के प्रधानाचार्यो को हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की इम्प्रूवमेंट/कम्पार्टमेंट परीक्षा 2020 की कार्यवाही के सम्बन्ध में निर्देशित करने का कष्ट करें।

5– अपर सचिव, मा0शि0प0, क्षेत्रीय कार्यालय मेरठ, बरेली, प्रयागराज, वाराणसी एवं गोरखपुर को इस आशय से कि अपने स्तर से प्रभावी अनुश्रवण करने का कष्ट करें।

6– वैयक्तिक सहायक, शिक्षा निदेशक (मा0), शिविर कार्यालय, 18 पार्क रोड, लखनऊ।

4-8-2020

(शिव लाल)
अपर सचिव (प्रशासन)

Scanned with CamScanner